Title: Need to open Sub-Regional Provident Fund Office at Kyonjhargarh in Orissa.

श्री अनन्त नायक (क्योंझर): क्योंझरगढ़ में भविष्य निधि का उप-क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की मांग दिनोंदिन जोर पकड़ रही है। देश में सन 1950 के बाद से ऐसे 28 कार्यालय स्थापित किए गए हैं। परन्तु इस प्रकार का कार्यालय स्थापित करने के मानदण्डों को पूरा करने के बावजूद क्योंझर में कार्यालय नहीं खोला गया है। क्योंझर में 57,233 और मयूरभंज जिले में 13,511 सदस्य हैं, जिन्होंने भविष्य निधि योजना में अपना नाम दर्ज कराया है। इन सदस्यों की कुल संख्या 70744 है। क्योंझर इस समय राउरकेला क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय के अन्तर्गत आता है जो क्योंझर से लगभग 200 किलोमीटर दूर है। इस योजना के सदस्यों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें उनकी आवश्यकता के समय अग्रिम निकासी और अन्तिम भुगतान नहीं मिलता है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए इस कार्य के लिए राउरकेला जाना संभव नहीं है। क्योंझर में रहने वाले भविष्य निधि योजना के सदस्य इस मुद्दे पर अत्यधिक उत्तेजित है।

अतः मैं मांग करता हूं कि भविष्य निधि का एक उप क्षेत्रीय कार्यालय बिना किसी देरी के तत्काल क्योंझरगढ़ में खोला जाये।

***Treated as laid on the Table of the House.**